देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 147 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
ऐतिहासिक मुकाबला



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 10 सितंबर 2020



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 22.0°

38250.51

2 याक भेजकर भारतीय सेना की जासूसी
7 जब टीम इंडिया से बाहर हुए थे द्रविड

## संक्षिप्त समाचार

### एनसीबी आफिस से भायखला जेल पहुंची रिया चक्रवर्ती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। सुशांत सिंह राजपूत केस में ड्रग ऐंगल सामने आने के बाद रिया चक्रवर्ती को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। रिया चक्रवर्ती आज भायखला जेल पहुंच गई। मालूम हो, रिया को एनसीबी ने ड्रग्स मामले में गिरफ्तार किया है। अगर कोर्ट रिया की जमानत अर्जी खारिज करता है तो उन्हें 14 दिनों तक जेल में रहना होगा। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने ड्रग्स के मामले में रिया चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया है।कोर्ट के आदेश के बाद रिया चक्रवर्ती को मंगलवार की रात एनसीबी के लॉकअप में गुजारनी पड़ी। महाराष्ट्र जेल के मैनुअल के मुताबिक, रात में कैदी को जेल नहीं ले जाया जाता है। रिया को बुधवार सुबह 10 बजे के बाद भायखला जेल में शिफ्ट किया जाएगा।

# आज मेरा घर, कल तेरा घमंड टूटेगा

## उद्धव ठाकरे पर कंगना रनौत का हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। पिछले काफी दिनों से कंगना रनौत और महाराष्ट्र की रूलिंग पार्टी शिवसेना में ठनी हुई है। दरअसल सुशांत सिंह राजपूत के मुद्दे पर बोलते हुए कंगना महाराष्ट्र की सरकार और मुंबई पुलिस का विरोध करने लगीं जिसके बाद उन्होंने मुंबई को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर तक बता दिया। यह विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि बुधवार सुबह बीएमसी ने अवैध निर्माण बताकर कंगना का ऑफिस भी तोड़ दिया। कोर्ट ने बीएमसी की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। हालांकि उससे पहले ही कंगना के ऑफिस को काफी नुकसान पहुंच चुका है। माना जा रहा है कि कंगना अपने नुकसान का हर्जाना बीएमसी से मांग सकती हैं। अब इस विवाद के बीच भारी सुरक्षा में कंगना रनौत मुंबई पहुंच गई हैं। कंगना ने घर पहुंचते ही

**कंगना को किया जा सकता है होम क्वॅारेंटीन**

वीडियो पोस्ट कर महाराष्ट्र सरकार और शिवसेना पर हमला बोला है।

**कंगना के वकील का दावा- लोगों को धमकाया जा रहा:** कंगना रनौत के वकील ने दावा किया है कि बीएमसी के अधिकारी पाली हिल में लोगों को धमका रहे हैं कि कंगना का बायकॉट करें।

**कंगना पर बोलने से बच रहे हैं संजय राउत:** कंगना के मुंबई पहुंचने के बाद शिव सेना और उनके प्रवक्ता संजय राउत कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। टीवी चौनल आजतक से बात करते हुए उन्होंने कहा, कंगना विवाद पर कुछ भी बोलना सही नहीं है। उनके खिलाफ बदले की भावना से कार्रवाई नहीं की गई है। मामला कोर्ट चला गया है इसलिए इस पर कुछ भी बोलना ठीक नहीं होगा।

**एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी, कंगना को दूसरे दरवाजे से निकाला** कंगना के मुंबई पर आने की खबर पर उनके समर्थक और विरोधी एयरपोर्ट पर जुट गए। जहां कंगना के समर्थन में रामदास आठवले की पार्टी आरपीआई के कार्यकर्ता और राजपूत करणी सेना के लोग पहुंचे, वहीं कंगना के विरोध में लगभग एक हजार शिव सैनिक काले झंडे लेकर पहुंचे। सुरक्षा की दृष्टि से एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ की भारी तैनाती की गई। कंगना की सिक्यॉरिटी को ध्यान में रखते हुए उन्हें एयरपोर्ट के दूसरे दरवाजे से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और वह अपने घर पहुंच गई हैं। कंगना रनौत को अब होम क्वॅारेंटीन किया जा सकता है। रनौत अपनी बहन और परिवार के साथ मुंबई पहुंची हैं।

### कंगना ने किया उद्धव ठाकरे को सीधा चैलेंज

मुंबई पहुंचकर कंगना ने एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में कंगना ने सीधे महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे को चैलेंज किया है। कंगना रनोट ने कहा कि उद्धव ठाकरे तुझे क्या लगता है कि तूने फिल्म माफिया के साथ मिलकर मेरा घर तोड़कर मुझसे बहुत बड़ा बदला लिया है। आज मेरा घर टूटा है कल तेरा घमंड टूटेगा। ये वक्त का पहिया है याद रखना। हमेशा एक सा नहीं रहता है। कंगना ने अपने वीडियो में यह भी कहा कि वह केवल राम मंदिर ही नहीं बल्कि अब कश्मीर पर भी फिल्म बनाएंगी।



### शरद पवार ने उठाये सवाल कहा, और भी हैं अवैध निर्माण

भाजपा के साथ ही एनसीपी चीफ शरद पवार ने बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ बीएमसी की कार्रवाई पर सवाल उठाये हैं। एनसीपी चीफ शरद पवार ने कहा कि बीएमसी ने ऐसा करके अनावश्यक रूप से कंगना को बोलने का अवसर दे दिया है। मुंबई शहर में तो बहुत से अवैध निर्माण हैं ऐसे में बीएमसी ने कंगना के ऑफिस में ही क्यों तोड़फोड़ की।

# ‘भारत रत्न’

## पंडित गोविन्द बल्लभ पन्त



(10 सितम्बर, 1887 — 7 मार्च, 1961)

महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं कुशल प्रशासक की जयंती (गौरव दिवस) पर

उत्तराखण्ड का हार्दिक नमन

उत्तराखण्ड सरकार

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।

www.uttarainformation.gov.in UttarakhandDIPR DIPR_UK

महिला हेल्पलाइन नं. 1090 | किसान कॉल सेंटर नं. 1551 | सी.एम.हेल्पलाइन नं. 1905
चाइल्ड हेल्पलाइन नं. 1098 | आयुष्मान उत्तराखण्ड हेल्पलाइन नं. 104 | आपदा कॉल सेन्टर नं. 1070

# इनाम के रूप में भेजा जाएगा कुछ कैशबैक

## पीएम मोदी ने की डिजिटल लेन-देन की अपील

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश के स्ट्रीट वेंडर्स के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और सरकार के सभी मंत्री भी मौजूद थे। प्रदेश के विभिन्न स्थानों से जुड़े स्ट्रीट वेंडर्स से पीएम मोदी ने कहा कि अगर आप डिजिटल लेन-देन करेंगे तो आपके खाते में सरकार की ओर से इनाम के रूप में कुछ पैसे कैशबैक के रूप में भेजे जाएंगे। भारत सरकार ने 1 जून, 2020 को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की शुरुआत की थी, ताकि कोरोना वायरस से प्रभावित रेहड़ी-पटरी वाले दुकानदारों को सहायता दी जाएगी और उन्हें दोबारा रोजगार से जोड़ा जाएगा।

**अपने ग्राहकों की सुरक्षा का रखें ध्यान:** पीएम मोदी ने स्ट्रीट वेंडर्स से कोरोना काल में सतर्क रहने की अपील की। पीएम मोदी ने कहा कि अब जब आप नए सिरे से अपने व्यवसाय को शुरू कर रहे हैं, तब आपको कुछ सावधानियां बरतनी होंगी। जब तक कोरोना की वैक्सीन नहीं आ जाती, तब तक आपको अपनी और अपने ग्राहकों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखना है। मास्क, साफ सफाई, दो गज की दूरी, इन सभी को अपनाना ही है।

**डिजिटल लेन-देन की अपील** पीएम ने कहा, बीते 3-4 साल के दौरान देश में डिजिटल लेन-देन का चलन तेजी से बढ़ा है। ग्राहक मौजूदा परिस्थितियों में नकद रुपये लेने और देने से बचते हैं। मैं चाहता हूं कि रेहड़ी-पटरी वाले भी डिजिटल लेनदेन से पीछे न हटें। बैंकों और डिजिटल पेमेंट की सुविधा देने वालों के साथ मिलकर एक नई शुरुआत की गई है।

### ऑनलाइन मार्केट से जुड़ेंगे गांव

हमारे देश में गरीबी हटाने की बहुत बातें हुई लेकिन जिस प्लानिंग के तहत पिछले 6 सालों में कार्य हुए, अनेक नई पहल की गई हैं, वह पहले कभी नहीं हुआ। सरकार की योजनाओं का सही फायदा अब गरीबों को मिल रहा है। गरीबों का जनधन बैंक खाता खुला है, उन्हें बिना रिश्वत आवास मिल रहे हैं, रसोई गैस सिलेंडर मिल रहे हैं। हमारा गरीब इन वर्षों में जिस तरह बैंकिंग से जुड़ा है, उसने एक नई शुरुआत की है। बहुत जल्द हमारे गांव भी ऑनलाइन मार्केट से जुड़ेंगे।

# फौजी बनना चाहते हैं कश्मीरी युवक

**सेना ने विशेष प्रशिक्षण देने का फैसला लिया**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। कश्मीर घाटी में स्थानीय युवाओं में फौजी बनने के रुझान को देखते हुए सेना ने उनके लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने का फैसला किया है। इसमें स्थानीय युवाओं को भर्ती रैली में सफल होने के आवश्यक गुर सिखाए जाएंगे। इच्छुक युवा जो भी सेना में भर्ती होने के पात्र हैं, इनमें शामिल हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि आतंकियों और अलगाववादियों द्वारा बार-बार स्थानीय लोगों को सुरक्षाबलों और फौज से दूर रहने का फरमान सुनाए जाने के बावजूद बीते कुछ सालों के दौरान फौज में भर्ती होने वाले कश्मीरी युवकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हुई है। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के लागू होने के बाद कश्मीर में आयोजित पहली सैन्य भर्ती रैली के लिए करीब 29 हजार युवकों ने अपना पंजीकरण कराया था।

सेना की तरह ही सीआरपीएफ, बीएसएफ व एसएसबी भी केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में अलग-अलग भर्ती रैलियां निकट भविष्य में आयोजित करने की कार्ययोजना पर काम कर रही हैं।